## एक नजर

### 36 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दरियाबाद पुलिस ने रामबरन, व रामफेर के पास से 36 लीटर जबकि सुबेहा पुलिस ने रामगोपाल के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 36 आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 36 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस न दो वारंटी व 13 वांछितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

### वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस ने बड्डूपुर निवासी गैंगस्टर एक्ट में वांछित दीनानाथ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

### युवक पर पत्नी व दो बच्चों को ले जाने का आरोप

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला इलाके के एक गांव निवासी पति ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर पत्नी व दो बच्चों को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि 11 अप्रैल को वह खेत गया था तभी उसकी पत्नी व दो बच्चों को बिहुरा का राजेन्द्र भगा ले गया। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# लोकसभा चुनाव में लगेंगे 565 बड़े व 2456 हल्के वाहन



रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में लगने वाले वाहनों के स्वामियों को एआरटीओ प्रशासन नोटिस भेजकर उनके चालकों का ब्योरा मांग रहा है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए 17 मई से वाहनों को अधिग्रहीत किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार का व्यवधान न आए इसके लिए चालकों का डाटा एकत्र किया जा रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में 565 भारी तो 2456 हल्के वाहनों का प्रयोग किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन ने एक माह पूर्व ही वाहनों का अधिग्रहण कर इसकी सूचना वाहन स्वामियों को दे दी थी। यहीं नही जो वाहन फिट नहीं हैं उन्हें नोटिस देकर दुरुस्त कराने को भी समय दिया गया है।

जिले में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग से मिले डाटा के मुताबिक अनफिट वाहनों को चिह्नित कर संबंधित वाहन स्वामी को नोटिस भेजा जा रहा है। नोटिस के जरिए वाहन स्वामियों से चालक का ब्योरा भी मांगा गया है ताकि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय उनके मूवमेंट में कोई दिक्कत न आए। चुनाव को लेकर एआरटीओ प्रशासन ने करीब एक माह पूर्व ही पर्याप्त संख्या में हल्के व भारी वाहनों का अधिग्रहण कर इसकी सूचना उनके स्वामियों को दे दी थी। इस बार के चुनाव में 565 भारी व 2456 हल्के वाहनों को शामिल किया गया है। इनमें मैजिक, बोलेरो के साथ ट्रक, डीसीएम वाहन शामिल हैं। सभी वाहन जीपीएस से लैस किए जाएंगे वहीं निर्धारित रूट के हिसाब से पोलिंग पार्टियों को लेकर बूथ पर रवाना होंगे।

**इन क्षेत्रों में इतने वाहनों की जरूरत**

| विस क्षेत्र | बस | मिनी बस | कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 266 कुर्सी | 93 | 6 | 99 |
| 267 रामनगर | 82 | 6 | 88 |
| 268 बाराबंकी | 88 | 5 | 93 |
| 269 जैदपुर | 90 | 6 | 96 |
| 272 हैदरगढ़ | 78 | 6 | 84 |
| 270 दरियाबाद | 92 | 8 | 100 |
| 271 रुदौली | 4 | 1 | 5 |
| **कुल वाहनों की संख्या** | **327** | **38** | **565** |

नोट : इसके अलावा हल्के वाहनों में 2456 वाहन भी शामिल हैं। इनमें मैजिक, बोलेरो शामिल हैं।

### 17 से अधिग्रहीत होंगे वाहन

वाहनों के अधिग्रहीत होने की शुरुआत 17 मई से शुरू हो जाएगी। इन वाहनों को शहर के जीआईसी और जीजीआईसी मैदान में खड़ा कराया जाएगा। सभी वाहनों में जीपीएस लगाने के साथ विधानसभा, बूथ, पोलिंग पार्टी व रुट आदि के नंबर का पैंफलेट लगाया जाएगा ताकि 19 मई को रवानगी के दौरान पोलिंग पार्टियों को वाहन ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो सके। ईंधन की व्यवस्था जिला पूर्ति विभाग द्वारा की जाएगी। इसके लिए शहर के कुछ पेट्रोल पंपों को चिन्हित किया गया है।



लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 3000 के आसपास वाहनों का अधिग्रहण किया गया। जो वाहन अनफिट हैं उनके स्वामी को वाहन फिट कराने के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। जल्द ही सभी वाहनों के कागजात दुरुस्त करा लिए जाएंगे। लोकसभा चुनाव के लिए 17 मई को वाहनों को अधिग्रहीत किया जाएगा।

-अंकिता शुक्ला, एआरटीओ (प्रशासन)

### सुंदरकांड के बाद भक्तों ने गाए भजन

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर में मंगलवार को सुंदरकाण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्री राम स्तुति से इसकी शुरुआत की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड के पाठ के बाद भजन संध्या आयोजित की गयी। इसमें कई श्रद्धालुओं ने
के बाद उपस्थित भक्तों ने भगवान की आरती उतारी। फिर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके मोहित, दिपांशु, चंद्रपाल, रजत, दीपक, पंकज, शिवा, डॉ. सत्रोहन, अशोक आदि भक्त मौजूद रहे।

# तेज धूप व गर्मी से लोग परेशान, 42 पर पहुंचा तापमान

## दोपहर के समय सिर व चेहरा ढककर ही घरों से निकल रहे लोग, अघोषित बिजली कटौती ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** अप्रैल का आखिरी दिन मंगलवार को धूप की तपिश तेज रही। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। तेज तपिश और गर्म हवाओं के चलते लोग घरों में दुबके रहे। सड़कों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। जिले की कुछ तहसीलों के कुछ क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के चलते लोग परेशान दिखे। जरूरी कारणों से घरों से निकले लोगों ने धूप से बचने के लिये गमछे या छाता का सहारा लिया। ऐसे में सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना मुसाफिरों को करना पड़ा। बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर भीड़ के दबाव के चलते वाटर कूलर की संख्या कम होने की वजह से लोगों को कतारबद्ध होकर पानी के लिये इंतजार करना पड़ा। जिला पुरुष अस्पताल में हजारों की संख्या में आने वाले मरीजों को प्यास बुझाने के लिये पानी खरीदकर पीना पड़ा क्योंकि यहां के अधिकांश वाटर कूलर की टोटियां पानी नहीं दे रही हैं। यात्रियों में प्लेटफार्म पर लगे नलों से पानी भरने के लिये होड़ लगी रही। शहर में नगर पालिका परिषद द्वारा भीड़भाड़ के इलाकों में लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के दावे तो किये जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर उसका कोई असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। धनोखर से लेकर घंटाघर के बीच में पानी की व्यवस्था न होने से खरीदारी करने गये लोगों को प्यास लगने पर पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद यहां पीने के पानी के पुख्ता इंतजाम नहीं किये गए हैं। कुछ वाटर कूलर तो ऐसे भी हैं, जो वर्षों से बंद पड़े हुए हैं। वहीं तालाबों और दूसरे जल स्रोतों में पानी न होने की वजह से पशु पक्षियों की भी प्यास नहीं बुझ रही है।



तेज धूप से बचने के लिए सिर व चेहरा ढककर जातीं छात्राएं। अमृत विचार



गमछे का सहारा लेता युवक।

### स्कूली बच्चे दिखे बेहाल

गर्मी के प्रकोप का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। स्कूलों में छुट्टी के समय तेज धूप रहती है। ऐसे में स्कूली बच्चे तपा देने वाली धूप में घर जाने को मजबूर होते हैं। ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को अंगौछे से दूसरे कपड़ों से ढककर ले जाते हैं।

### बढ़ रही मरीजों की संख्या

सरकारी अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादातर मरीज हीट स्ट्रोक के शिकार बताए जा रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश कुशवाहा ने बताया कि दिन के समय घरों से न निकलें। बहुत आवश्यक हो तो फुल आस्तीन के कपड़े पहनकर ही निकलें। साथ ही धूप से बचाव के लिये छाते का प्रयोग करें। लोगों को इस गर्मी में संतुलित आहार लेना चाहिये। जितना अधिक से अधिक पानी पी सकें, पीते रहें।

# दो निर्दलीयों समेत चार प्रत्याशियों ने खरीदे पर्चे

▸▸ नामांकन पत्र खरीदने वालों की 22 हुई संख्या

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही नामांकन प्रक्रिया में मंगलवार को जहां एक भी नामांकन पत्र जमा नहीं हुआ। वहीं दो निर्दलीय समेत चार लोगों ने नामांकन पत्रों की खरीद की। पर्चा खरीदने वालों की संख्या 22 हो गई है। इस दौरान नामांकन स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट के एडीएम न्यायालय कक्ष में बनाए गए नामांकन कक्ष में पहुंच कर चार लोगों ने नामांकन पत्रों खरीदारी की। इनमें निर्दलीय के रूप में मिथिलेश कुमारी, कर्मवीर आजाद तथा बहुजन समाज पार्टी से शिवकुमार दोहरे और सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रेमचंद्र शामिल रहे। अब तक 22 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदकर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है। वहीं जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार के समक्ष मंगलवार को कोई नामांकन पत्र जमा नहीं हुआ। इस दौरान नामांकन स्थल और उसके सौ मीटर की दूरी में बने बैरियरों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## सार-संक्षेप

### भागवत कथा सुनने के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु



कथावाचक से आशीर्वाद लेते अध्यक्ष। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** कस्बा रामनगर के मोहल्ला रानी दो के भरसंवा में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक सम्मिलित हुए । भारतीय सेना में सूबेदार मेजर पद से सेवानिवृत हुए ओंकारनाथ त्रिपाठी के द्वारा आयोजित भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक शीतला प्रसाद शास्त्री के मुखारविंद से प्रभु की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक भी भागवत कथा में पहुंचे और और प्रभु के सुंदर चरित्र का रसपान किया। इस मौके पर पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी पवन कुमार ओझा अशोक सिंह पुजारी तिवारी बंटी ओझा सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

### नामांकन कराने वाले बच्चों का रोली-चंदन के साथ स्वागत



विद्यालय में मौजूद शिक्षक व बच्चे। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय शरीफाबाद में नामांकन कराने वाले बच्चों का रोली चंदन लगाकर स्वागत किया गया। यह बच्चे 6 वर्ष की उम्र पार करके आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे। कक्षा एक में नामांकन कराया। शरीफाबाद में आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय एक ही परिसर में संचालित है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मधुलिमा मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को केंद्र पर दीक्षांत समारोह एवं नव प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नए बच्चों का स्वागत किया गया। इसके अलावा केंद्र पर अध्यनरत रहे 14 बच्चे 6 वर्ष की उम्र पार करके आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। अभिभावकों की मौजूदगी में प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का नामांकन हुआ। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक मोहिता श्रीवास्तव, नोडल शिक्षक रुचि सिंह, अध्यापक अर्चना चौहान शिक्षामित्र कृपा शंकर तथा कविता वर्मा सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त तीन पुलिसकर्मियों को दी गयी विदाई



एएसपी के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस सेवा से एक मुख्य आरक्षी, एक लीडिंग फायरमैन और एक उर्दू अनुवादक मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर रिजर्व पुलिस लाइंस बाराबंकी स्थित सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा सेवानिवृत्त हुए मुख्य आरक्षी महावीर सिंह, लीडिंग फायरमैन अनिल कुमार मिश्र और उर्दू अनुवादक इजहार अहमद को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्र और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने जेल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ बाराबंकी जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों की पेशी के लिए बने वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम का निरीक्षण कर पेशी प्रक्रिया को देखा। परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी क्रॉस चेकिंग की। साथ ही बंदियों की मुलाकात के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम व एसपी ने टॉप-टेन अपराधियों की मुलाकात से संबंधित अभिलेखों की जांच की। कंट्रोल रूम, बैरक, मेस, जेल परिसर अस्पताल आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल प्रशासन से जेल की समस्त गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की। कैदियों की समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी ली।



दिशा-निर्देश देते डीएम व एसपी। अमृत विचार

# लू के रोगियों के लिए किये गए विशेष प्रबंध

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में तापमान कई दिन से 41, 42 डिग्री पहुंच रहा है। एंबुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर शिवांश श्रीवास्तव ने बताया है कि क्षेत्र में समय पूर्व ही हीट स्ट्रोक (लू) मरीजों से बचाव के लिए एंबुलेंस में विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही एंबुलेंस के ऑडिटर अवनीश सिंह के द्वारा सीएचसी बनीकोडर के सभी एंबुलेंस का निरीक्षण किया।



एंबुलेंस का निरीक्षण करते प्रोग्राम मैनेजर।

लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए कुछ खास उपायों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगर त्वचा गर्म और लाल हो, पसीना नहीं आए आदि लक्षण दिखे तो तुरंत एंबुलेंस को कॉल करना चाहिए। जिससे उचित समय पर एंबुलेंस आपके पास पहुंच सके। उन्होंने बताया कि मरीज को तुरंत हवादार जगह में जाने के जाने के साथ नजदीकी अस्पताल की एम्बुलेंस को कॉल करना चाहिए। इस मौके पर ईएमटी नित्यानंद वर्मा, अरविंद शुक्ला ,पूजा शुक्ला ,शिवकुमार, पायलट अजय कुमार, अमृत्य पाल,सुदेश वर्मा आदि थे।

# सरकारी संपत्ति नष्ट करने पर आठ के खिलाफ केस

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सरकारी सम्पत्ति को नष्ट करने के मामले में पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहम्मदपुर खाला ग्राम पंचायत में एक अन्नपूर्णा स्टोर का निर्माण हो रहा है। सरकारी बेशकीमती भूमि को फतेहपुर एसडीएम आर.जगतसाईं के सामने कुछ दिनों पूर्व कसौंजा निवासी देव नारायण एवं राममंडई निवासी पुत्तू सिंह सहित अन्य लोगों ने अपनी बात रखी थी लेकिन किसी ने कोई साक्ष्य नहीं दिए थे। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेज करके जमीन की नाप-जोख करवाते हुए निर्माण किए जाने के आदेश दिया था और काम भी शुरू हो गया था।

बीते 27 अप्रैल की रात में कुछ लोगों ने खड़े पिलर, दीवार को गिरा दिया था। इस पर बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह के आदेश पर प्रधान रजनी सिंह ने पुत्तू सिंह और देव नारायण को नामजद करते हुए, दस अन्य लोगों पर सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम की तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** औसानेश्वर मार्ग पर मंगलवार की दोपहर बाद हुए कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार खंती में चली गई। जिसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाए गए युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

हैदरगढ़ कोतवाली के बबुआपुर गांव निवासी रामकुमार (30) पुत्र संतराम अपनी मोटरसाइकिल से बाराबंकी की और से हैदरगढ़ आ रहा था कि तभी शाम लगभग 5 बजे भियामऊ ग्राम के निकट हैदरगढ़ से बाराबंकी की ओर तेज रफ्तार में जा रही कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद युवक उछलकर काफी दूर जाकर गिरा और कार भी खंती में चली गई। टक्कर इतनी तेज थी किमोटरसाइकिल के परखचे उड़ गए। यही नहीं, बाइक सवार का हेलमेट पेड़ पर जा लटका।



हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।





हादसे के बाद खंती में गिरी कार।

### सड़क हादसों में चार लोग हुए घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर मंगलवार को लोनीकटरा थाना क्षेत्र मे हुई अलग अलग सड़क हादसों मे तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। पहली घटना सुबह करीब दस बजे त्रिवेदीगंज चौराहे पर दो बाइक आपस मे टकरा गई जिसमे बाइक सवार बुढनापुर निवासी रामावती(58) पत्नी रामप्रताप व पुत्री प्रतिमा(20) भतीजे संजय (20) के साथ गनेशपुर जा रहे थे। त्रिवेदीगंज चौराहे पर बाइक की टक्कर से घायल हो गए। मंगलपुर चौराहे पर कार की टक्कर से पैदल सड़क क्रास कर रही ककरी निवासी मिथलेश कुमारी (60) घायल हो गयीं।

### मधु लिमये की जयंती पर कार्यक्रम आज

**बाराबंकी: अमृत विचार:** गोवा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता एवं पूर्व सांसद मधु लिमये की 102वीं जयंती पर बुधवार को गांधी भवन में सुबह ग्यारह बजे उनके चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। जबकि आठ बजे लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के त्वावधान में मधु लिमये की याद में ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसकी अध्यक्षता मधु लिमये जन्मशती समारोह समिति के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में मधु लिमये जन्मशती समारोह समिति के संरक्षक रघु ठाकुर एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह उपस्थित रहेंगे। संचालन डॉ शिवा श्रीवास्तव एवं समता ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन जैन करेंगे।

**आरोप** | विधानसभा हैदरगढ़ में इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय की हुई शुरुआत

# सरकार ने किसानों-नौजवानों को किया परेशान :गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने मंगलवार को विधानसभा हैदरगढ़ में इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व सांसद रामसागर रावत, लोकसभा प्रत्याशी तनुज पुनिया मौजूद रहे। इस दौरान गोप ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने किसानों नौजवानों को सबसे ज्यादा परेशान किया है। इस सरकार ने किसानों को फसल का न सही दाम दिया और न ही नौजवानों को नौकरी। और तो और महिलाओं के सम्मान का ढिंढोरा पीटने वाले इन लोगों ने महिलाओं का सम्मान भी नहीं किया।

पूर्व सांसद रामसागर रावत ने कहा कि यह चुनाव देश के भाईचारे एकता और देश में उपलब्ध संसाधनों को बचाते हुए संविधान को बचाने का है। प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र सच्चाई का ऐसा दस्तावेज है, जिसने भाजपाइयों की नींद उड़ा दी। इस घोषणा पत्र में समाज के सभी वर्गों को न्याय देने की बात कही गयी है। उसे इस देश के नौजवान, किसान, महिलाएं, मजदूरों, आदिवासियों सभी का अपार जनसमर्थन मिला है। कार्यालय शुभारंभ कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, जिला सचिव रमेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन अखिलेश सिंह, प्रदेश सचिव अदनान चौधरी, अय्यूब कुरैशी, राजेश मिश्रा, मौजी राम, जिला पंचायत सदस्य सोनी यादव, विज्ञान मिश्रा और जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान आदि मौजूद थे।



चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते सपा नेता व पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप।

### तनुज पुनिया आज करेंगे नामांकन

**बाराबंकी : अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सुबह 10 बजे सिविल लाइन स्थित पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवाई की कोठी से तनुज पुनिया गठबंधन के साथियों के साथ चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और नामांकन करेंगे। प्रवक्ता सरजू शर्मा ने बताया कि इस मौके पर भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुये सिर्फ इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलो के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रमुख, पूर्व प्रमुख, विधानसभा अध्यक्ष आदि रहेंगे।

## एक नजर

### पड़ोसी को घर पर बुलाकर की पिटाई

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** गांव के ही एक युवक ने अपने पड़ोसी को बहाने से बुलाकर अपने घर पर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पिटाई कर दिया। कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत गोसाई का पूर्वा मज़रे सुखी पुर के निवासी प्रवेश रावत पुत्र शंभू रावत ने कोतवाली में लिखित शिकायत पत्र देते हुए बताया है कि गांव के ही शिवा 29 अप्रैल को रात में अपने घर बहाने से ले गए और घर पर पहुंचते ही शिवा अपनी बहन और पिता के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पिटाई कर दिया। जब मां राजकुमारी बचाव के लिये पहुंची तो उसे भी पीट दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की।

### कार में लगी आग

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के चिनहट-सतरिख मार्ग पर मंगलवार को एक कार में आग लग गई। जिसमें कार सवार सुभाष समेत अन्य साथी सवार थे। हालांकि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। सभी लखनऊ के निवासी बताए जा रहे हैं।

### पक्षियों के पीने के पानी का पात्र किया वितरित

**इटियाथोक, अमृत विचार :** नया सोच सेवा समिति के सदस्यों ने बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए पक्षियों पीने वाले पात्र का वितरण किया। बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज व मॉडर्न कान्वेंट पब्लिक स्कूल में बच्चों को नया सोच सेवा समिति परिवार के सदस्यों ने पक्षियों को पानी पीने वाला बर्तन दिया। संस्था के संरक्षक रवि कुमार शुक्ला ने आपने हाथों से बच्चों को किए वितरण साथ संस्था के संस्थापक प्रवेश प्रताप शर्मा, संजय कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मुस्ताक चौधरी व समिति समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे क्षेत्र के लोगों ने समिति को बधाई दी।

# खराब पड़े हैंडपंपों के कारण गहराया पेयजल संकट

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** झुलसा देने वाली गर्मी में विकास खंड दरियाबाद की ग्राम पंचायतों में खराब पड़े हैंडपंपों के कारण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। सरकारी दस्तावेजों में सब कुछ सही दिख रहा है लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। जहां ठीक भी हैं उनमें पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हैंडपंपों की मरम्मत की राह देख थक चुके ग्रामीणों ने कुछ जगहों पर खुद के खर्च पर मरम्मत करवायी। वर्षों पहले खराब हो चुके इन हैंडपंपों पर ब्लॉक कर्मचारियों का ध्यान अभी तक नहीं गया। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा हैंडपंपों को ठीक कराना तो दूर स्थलीय निरीक्षण करना भी मुनासिब नहीं समझा गया। पेयजल सुविधा हर नागरिक को उपलब्ध कराने का फरमान जुमला बनकर रह गया है।

**केस 1**



जेठौती कुर्मियान में खराब हैंडपंप।

जेठौती कुर्मियान निवासी कुन्नू के घर के सामने लगा हैंड पंप तीन वर्ष से खराब पड़ा है। मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ब्लॉक में शिकायत के बाद भी किसी ने सुध नहीं ली। इसी गांव के निवासी जितेंद्र यादव के घर के पास लगा हैंड मरम्मत योग्य है।

**केस 2**



मथुरानगर में इस हाल में है हैंडपंप

मथुरानगर ग्राम पंचायत निवासी वरुण तिवारी के दरवाजे पर तीन वर्षो से हैंडपंप खराब है। जिससे आसपास के दुकानदारों व अन्य लोगों को पेयजल का संकट दिख रहा है। लेकिन इसकी मरम्मत नहीं करायी गयी। यहीं ब्रजेश के दरवाजे लगा हैंडपंप तीन वर्षो से खराब है।

**केस 3**



मुरारपुर खऱाब पड़ा हैडपंप।

क्षेत्र के मुरारपुर ग्राम पंचायत में यशवंत के दरवाजे के सामने लगा हैंडपंप दो वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। इसके कारण लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल के लिए दूर जाकर दूसरे हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है।

**केस 4**



हरवंशपुर में खराब पड़ा हैंडपंप।

सेमौर ग्राम पंचायत के हरवंशपुर में राम किशोर के दरवाजे व दरियाबाद बारीन बाग मार्ग के किनारे लगा हैंडपंप एक वर्ष से खराब है। संबंधित विभाग में ग्रामीणों द्वारा सूचना देने के बावजूद हैंडपंप की मरम्मत नहीं करायी गयी। इसके कारण लोग और राहगीर परेशान हैं।

> जहां-जहां से हैंडपंपों के खराब होने की जानकारी मिलती है, तत्काल वहां पर कर्मचारियों को भेजकर उसे ठीक करवाया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में लगे हैंडपंपों को दुरुस्त करवाकर ग्रामीणों को हो रही परेशानियों से छुटकारा दिलाया जाएगा।
>
> -संदीप कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी

# भाकियू के पदाधिकारी समेत सौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विवादित मकान पर कब्जा करने की नियत से टेंट लगाकर सभा कर रहे किसान यूनियन के पदाधिकारियों समेत सैकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ देवा पुलिस ने धारा 144 के उल्लंघन सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के देवा कुर्सी रोड पर बंधिया गांव के पास सोमवार की दोपहर प्रवेश आनंद शर्मा के मकान के सामने भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारी अपने सैकड़ों साथियों के साथ एक विवादित प्लांट पर कब्जा करने की नीयत से टेंट लगाकर सभा कर रहे थे। जब प्रवेश आनंद ने मना किया तो किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गाली देकर जान माल की धमकी देते हुए उन्हें वहां से भगा दिया और नारेबाजी करते हुए राजेश जायसवाल के विवादित प्लांट की बाउंड्री का ताला तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब लोकसभा चुनाव 2024 के तहत सभा की अनुमति मांगी तो अनुमति नहीं दिखा सके और कोतवाल के द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल मंगाने की बात सुनकर मौके से भाग खड़े हुए। इंस्पेक्टर देवा अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश कुमार भारती की तहरीर पर भारतीय किसान यूनियन के जैसीराम आर्य, कृष्ण पाल सिंह, भानु प्रताप, मीनू सहित 100 अज्ञात के खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन व तोड़फोड़ आदि की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# चोरी के 25 लाख के माल के साथ 5 बंदी

## मोबाइल कंपनी के टावर में हुई चोरी का खुलासा, पुलिस टीम की गयी पुरस्कृत

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिले की सर्विलांस और थाना सतरिख की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को मोबाइल कंपनी के टावर में हुई चोरी का खुलासा कर दिया। टीम ने गिरोह के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से करीब 25 लाख रुपये कीमत का चोरी का सामान भी बरामद किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने उत्साहवर्धन के लिये टीम को पंद्रह हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया किन बीती नौ अप्रैल की रात्रि में सतरिख स्थित सरायमिही स्थित इंडस टावर में अज्ञात चोरों द्वारा अजना माड्यूल, बीटीएस कार्ड, फ्रीक्वेंसी प्लेट समेत दूसरे कीमती सामान चोरी कर लिया गया था। जिसके संबंध में सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के फील्ड अफसर राजेश कुमार पांडेय द्वारा थाना सतरिख पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद से घटना के खुलासे में थाना सतरिख व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को लगी थी।

टीम ने मैनुअल इंटेलीजेंस और डिजिटल डेटा की मदद से घटना का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों राजेन्द्र प्रसाद उर्फ गुड्डू पुत्र स्व. मुन्ना लाल विश्वकर्मा निवासी मो. शम्भूनाथ कालोनी थाना सैरपुर जनपद लखनऊ, संदीप कुमार पुत्र स्व. राजकुमार व अमित पुत्र स्व. रामप्रकाश निवासी महोलिया थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी, सुभाष कुमार पुत्र कन्हैयालाल निवासी तरैया थाना सैरपुर जनपद लखनऊ और नन्दलाल पुत्र कृपाराम निवासी कुम्हरवा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को बीजेमऊ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशांदेही पर टावर से चोरी किया गया सामान बरामद किया है।

सीएन सिन्हा ने बताया कि अभियुक्तों का एक गिरोह है, जो मोबाइल टावरों से कीमती सामान चोरी करते हैं और उसे फरार अभियुक्त राशिद के माध्यम से बेच देते हैं। फरार अभियुक्त राशिद मलिक की लखनऊ में कबाड़ की दुकान भी है। फरार अभियुक्त राशिद मलिक की गिरफ्तारी के लिये भी पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

# फर्जी हस्ताक्षर से निकाले 2.23 लाख

**जालसाजी**

- इंचार्ज प्रधानाध्यापक की तहरीर पर केस दर्ज
- मामला कंपोजिट विद्यालय छेदा का

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विद्यालय प्रबंध समिति के खाते से 2 लाख 23 हजार के धनराशि आहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी पर सचिव ने बीईओ को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। तो बीईओ के आदेश पर थाने में तहरीर दी गई है। वहीं फर्जी हस्ताक्षर कर इस रकम को अनुदेशक के खाते पर ट्रांसफर होने की पुष्टि हुई है।

शिक्षा क्षेत्र सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय छेदा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक उमाकांत मिश्रा ने मोहम्मदपुर खाला थाने में दी हुई तहरीर में बताया है कि विद्यालय के अनुदेशक सौरभ वर्मा ने प्रबंध सीमित के खाते से 28 मार्च को 99 हजार 278 रुपए, उसके बाद में पचास हजार, दस हजार, तीन हजार, चार हजार 335 रुपए और तीस मार्च को 60 हजार रुपए की धनराशि स्वयं के पीपीए आईडी पर ट्रांसफर की गई है।

सभी धनराशि उसी के फर्जी हस्ताक्षर से इसी वर्ष ही ट्रांसफर हुईं हैं। सौरभ वर्मा नगर कोतवाली के लक्ष्मणपुरी का निवासी है। इस मामले मे जब सौरभ से पूछा गया तो उसने जान से हाथ धो देने के धमकी भी दी

। यह धनराशि शौचालय निर्माण, खेलकूद, विद्यालय के दुरुस्तीकरण और रंगाई पुताई के लिए आई थी। उधर इंचार्ज प्रधानाध्यपक के पत्रों की जांच खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर ने भी शुरु कर दी है। बीईओ रामनगर संजय राय ने बताया कि जांच चल रही है। बीएसए को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# धान खरीदने वाली दुकानों पर छापा

रामसनेहीघाट बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरकार ने सरकारी और प्राइवेट दुकानों पर किसानों का धान एमएसपी पर ही खरीदने के निर्देश दिए हैं । मगर विभिन्न प्राइवेट दुकानों पर किसानों का धान और गेहूं एमएसपी पर नहीं खरीदा जाता है। जिसको गंभीरता से लेकर खाद्य नियंत्रक ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं क्षेत्र के विपणन अधिकारियों के साथ तहसील राम सनेही घाट अंतर्गत विभिन्न जगह पर धान खरीदने वाली दुकानों पर छापा मारा ।

मंगलवार को खाद्य नियंत्रक अयोध्या ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं क्षेत्र के विपणन अधिकारियों के साथ भिटरिया में सुरेश ट्रेडिंग कंपनी ने किसानों से धान तो खरीद रखा था मगर दुकान के मालिक किसानों से धान खरीद करने की कोई रसीद नहीं दिखा पाए। इस पर खाद्य नियंत्रक ने मंडी सचिव को बुलाकर उसकी जांच कराई जिसके बाद मंडी सचिव ने सुरेश ट्रेडिंग पर 26119 रुपए का जुर्माना लगा दिया दुकानदार द्वारा तत्काल जमा कराया गया। इसी के साथ सनौली स्थित अंकित तिवारी की फार्म का भी निरीक्षण किया जहां पर धान खरीद के अभिलेख सही पाए गए। जिसके बाद दरियाबाद, सुमेरगंज, खजूरी, सफदरगंज सहित अन्य स्थानों पर धान खरीदने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। इस मौके पर संभागीय विपणन अधिकारी सत्येंद्र नाथ, जिला खाद्य विवरण अधिकारी रमेश कुमार आदि थे।



धान खरीद की दुकान पर छापा मारते अधिकारी। अमृत विचार

### बाग में अज्ञात कारणों से लगी आग

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम करसा खुर्द में साकेत मिश्रा की बाग में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे फल से लदे आम अमरूद के वृक्ष तरह झुलस गए । मंगलवार को साकेत मिश्रा के बिग में आग लग गई ,हवा के तेज झकोरों के कारण देखते ही देखते पूरी बाग में आग बारूद की तरह फैल गई और आम व अमरूद के फलों से लदे हुए वृक्ष बुरी तरह झुलस गए ।ग्रामीणों ने आसपास के बोरिंग में पंपिंग सेट बांधकर किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित साकेत के अनुसार पांच दर्जन से अधिक आम तथा छह दर्जन से अधिक अमरूद के पेड़ लगे थे और इन पेड़ों की उम्र लगभग 9 से 10 वर्ष की बताई जा रही है।

# पति समेत आठ दहेज लोभियों के विरुद्ध केस

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार :** दहेज में भूमि की मांग को लेकर ससुराली जनों द्वारा की जा रही प्रताड़ना व तलाक की धमकी से आक्रोशित विवाहिता ने कोतवाली हैदरगढ़ में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मामला कोतवाली हैदरगढ़ के पूरे बघेल मजरे सहावर गांव का है। इसी गांव निवासी शादिया बानो पुत्री मोहम्मद सलीम ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि पिछले साल 7 जून 2023 को उसका विवाह सहावर गांव निवासी नसीम के बेटे जसीम के साथ हुआ था। विवाह में बाइक, जेवरात व दहेज में अन्य कीमती सामान दिया गया था लेकिन ससुराली जन इस दहेज से संतुष्ट नहीं थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कार एवं दो बिस्वा जमीन की मांग को लेकर उसके पति जसीम, ससुर नसीम, सास, देवर व सभी ननद संयुक्त रुप से उसे निकाह के बाद से ही प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने पीड़िता को तलाक व जान से मार डालने की भी धमकी दी। ससुरालीजनों के उत्पीड़न से परेशान होकर उसने थाने में तहरीर देकर अपनी व्यथा कही। पुलिस ने पीड़िता की व्यथा सुनने के बाद पति, सास व ससुर सहित आठ लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## सार-संक्षेप

### गायत्री नगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

**मनकापुर, अमृत विचार :** मंगलवार को उतरौला रोड स्थित मोहल्ला गायत्री नगर में संचालित महर्षि शांडिल्य स्वास्थ्य एवं शिक्षण संस्थान के संचालक द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नि :शुल्क शिविर में क्षेत्र के दर्जनों मरीजों ने पहुंच कर लाभ उठाया। नि :शुल्क कैंप में डॉक्टर रियाजुद्दीन, डॉक्टर मुस्कान गुप्ता, डॉक्टर सौरभ पांडे तथा अन्य डॉक्टरों ने मरीजों को सेवाएं दी। इस अवसर पर आर के नारद ने गीतों के माध्यम से बधाई दिया। आकाश, रामचंद्र, अमर दीप, राजदीप, अर्जुन सिंह, अर्चना, सुभासनी, संजना, पूजा, सोनी मिश्रा, शिवा, विंदू आदि मौजूद रहे।

### आग से किसान का एक बीघा गेहूं जलकर राख

**परसपुर, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से लगी आग से गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धनी लोधनपुरवा पसका में सोमवार को दोपहर दो बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से जवाहर सिंह का लगभग एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल सहित पांच बीघा रैपर से कटी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने आग की चपेट में आये गेहूं के खेत के चारों तरफ ट्रैक्टर से जुताई करके व पम्पिंग सेट से पानी निकाल कर काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया जिससे भारी नुकसान होने से बच गया। हल्का लेखपाल आत्माराम ने बताया कि मौके पहुंच कर नुकसान का आंकलन कर उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

### बंटाई का हिस्सा मांगा तो की मारपीट

**इटियाथोक, अमृत विचार :** ग्राम इटियाथोक की गीता देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के ही गुड़िया रानू लल्ला ने बटाई के हिस्से का ज्यादा अनाज मांगते हुए मारपीट की। मंगलवार को गीता देवी ने आरोप लगाया है कि उक्त आरोपियों ने उनके नये मकान में लगे ताले को तोड़कर सामान चोरी कर लिया।

### बाइक सवार ने बच्चे को मारी ठोकर, गंभीर

**संवाददाता, खरगूपुर, अमृत विचार :** विद्यालय जा रहे छात्र को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमडोहवा के मजरा खुट पिपरा गांव निवासी कक्षा एक का पांच वर्षीय छात्र करण कुमार अपने गांव से दादी अर्चना देवी के साथ गोकरननाथ शिवाला स्थित एक विद्यालय में पढ़ने जा रहा था। खरगूपुर आर्य नगर मार्ग पर खुट पिपरा गांव के निकट खरगूपुर से आर्य नगर की ओर जा रहे बाइक सवार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र करण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक बाइक समेत भाग निकला। घायल छात्र के चाचा राहुल कुमार तिवारी ने स्थानीय थाने में घटना के बाबत प्रार्थना पत्र दी है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद राहगीरों ने बाइक का नंबर नोट कर लिया था। उसी के आधार पर बाइक चालक के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। घायल बालक को गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज गोंडा में भर्ती कराया गया है।

### आवास दिलाने के नाम पर ऐंठ लिए 14 हजार रुपये

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** तुम्हारी कॉलोनी आ गई है पैसे दो नहीं तो कट जाएगी। प्रधान पति ने आवास का झांसा देकर 14 हजार ऐंठ लिए, कॉलोनी भी नहीं मिली और पीड़ित द्वारा पैसा वापस मांगने पर उसे धमकाया जा रहा है। मामला ग्राम पंचायत बरौली का है। मामले का ऑडियो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आवास के नाम पर वसूली का यह दूसरा मामला है, जिसमें प्रधान पति पर आरोप लगाया गया है। अपेक्षित कार्रवाई न होने से प्रधान पति के हौसले बुलंद हैं। अमृत विचार प्रतिनिधि ने वायरल ऑडियो और वीडियो की हकीकत परखी तो सच सामने आया। पीड़ित ने फोन पर सच्चाई बताई। विखं बेलसर की ग्राम पंचायत बरौली निवासी राकेश यादव और प्रधान पति रामानंद के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें प्रधान पति पैसा मिलने पर वापस देने की बात कह रहे हैं। दूसरी तरफ पीड़ित ने अपना बयान देते हुए एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उसने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले आवास दिलाने के नाम पर प्रधान पति ने 14 हजार रुपए लिए थे। सूची में नाम होने के बावजूद आवास नहीं मिल पाया और प्रधान पति द्वारा पैसा भी वापस नहीं किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि पैसा वापस मांगने पर धमकी दी जा रही है। पीड़ित के अनुसार उसने पैसा ब्याज पर लिए था जो बढ़कर 24 हजार हो गया है।

### 40 हजार छीनकर फरार उचक्कों का अब तक पता नहीं

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सर्राफा व्यवसायी की आंख में लाल मिर्च पाउडर झोंककर हुई लूट के मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिली। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा संचरही मोहल्ला निवासी अमित कुमार सोनी ने तहरीर में बताया उसकी कोल्हमपुर बाजार में ज्वैलरी और बर्तन की दुकान है। सोमवार को वह दुकान बंद कर झोले में चालीस हजार नगद बाइक की डिग्गी में रख कर अपने परिचित दुकानदार सतीश पाठक के साथ घर की तरफ आ रहा था। मनकापुर -नवाबगंज मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास एक बाइक पर दो लोग पीछे से पहुंचे और मनकापुर जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के लिए जैसे ही हमने बाइक रोकी लोगों ने हम दोनों की आंख में लाल मिर्च का पाउडर झोंक दिया और बाइक सवार एक युवक डंडा लेकर बाइक में लगी डिग्गी का लाक तोड़ने लगा और दूसरे ने तमंचा निकाल धमकाते हुए बाइक की चाबी निकाल डिग्गी का लाक खोल बैग निकाल लिया जिसमें रखा चालीस हजार रुपए नगद और लाकर की चाभी तथा दूकान का कागजात लेकर मनकापुर की तरफ भाग गए।

# शादी में खाने को लेकर भिड़े घराती और बराती

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** रात्रि में खाने को लेकर घराती-बराती भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे, लाठी-डंडा भी चले। कई वाहनों के साथ लगभग आधा दर्जन लोग चोटिल हुए। वहीं मौके पर पहुंचे सिपाही ने समझा-बुझा करके मामले को शांत कराया हैं, स्वयं की मौजूदगी में शादी की रस्म पूरी कराईं है।

मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत मसुरिहा पंचायत के भीमनगर छंगेपुर गांव निवासी रामसागर गौतम की बेटी रोली गौतम की शादी के चलते सोमवार की देर रात में बारात आई थी। इसी थाना क्षेत्र के सोहाई निवासी छोटू गौतम दूल्हा बनकर पहुंचा था। कन्यापक्ष के लोग द्वारपूजा की रस्में निभा रहे थे। इस बीच कुछ शरारती लोगों ने खाने को लेकर बखेड़ा खड़ा कर दिया। वाद विवाद तूल पकड़ लिया। देखते देखते दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। ग्रामीणों की मानें तो दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोगों को चोटे आईं। तो मुड़िया कसौंजा निवासी बिल्लू व पुनीत सहित तीन लोगों की वैन कार, बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। लाठी-डंडे चलते देख भगदड़ मच गई। तो किसी ने इसकी सूचना डायल यूपी 112 को देनी चाही, परंतु फोन न मिलने से सूरतगंज के चौकी प्रभारी सतेंद्र पांडेय को दी।

# 77 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास-बहू-ननद सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मंगलवार को जनपद के 77 केन्द्रों पर सास, बहू और ननद सम्मेलन कराया गया। जिसमें 3585 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास, बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गई।

कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कर समस्त प्रतिभागियों को दिनांक 20 मई, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उपस्थित प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया है। बाल विकास परियोजना रामनगर के आंगनबाड़ी केन्द्र मे सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे। प्रतिभागियों ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। बाल विकास परियोजना हैदरगढ़ में उपस्थित समस्त प्रतिभागिया को अवगत कराया गया कि मतदान से हमारा लोकतन्त्र मजबूत होता है।



सास-बहू-ननद-सम्मेलन में मतदान की शपथ लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

**कार्यक्रम** जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का अभिनंदन तथा पूर्व कार्यकारिणी का धन्यवाद समारोह आयोजित

# सराहा गया पूर्व बार कार्यकारिणी के सदस्यों का कार्यकाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह तथा पूर्व कार्यकारिणी का धन्यवाद समारोह जिला बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल सराहा गया।

ज्ञात हो कि गत 25 अप्रैल को जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में नवीन सत्र 2024 की कार्यकारिणी चुनी गई है जिसका शपथ ग्रहण अभी होना शेष है। पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सरदार बेन्त सिंह के सुपुत्र राजा सिंह व सरदार आलोक सिंह, ध्रुव यादव, रोहित निगम, अमित सिंह, सौरभ यादव, दारा, सूरज यादव गामा, आदि ने युवाओं की ओर से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप कल्याणी के संचालन में संपन्न समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश सिंह तथा महामंत्री शाहीन अख्तर सहित संपूर्ण कार्यकारिणी का मौजूद अधिवक्ताओं द्वारा माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके समर्पण एवं उपलब्धियां हेतु आभार प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात् नव निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई, महामंत्री अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप यादव, उपाध्यक्ष प्रथम राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष द्वितीय अंशुमान सिंह, कोष अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रभारी विजय कुमार पांडे, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रभारी अतुल कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय प्रभारी प्रदीप कुमार बाजपेई मामा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गढ़ दौलता कुमारी, पंकज आनंद वर्मा, आकाश निगम, मदनलाल यादव, विजय कुमार रस्तोगी, पंकज कुमार श्रीवास्तव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गण अनिल कुमार यादव, राहुल विक्रम सिंह, समर सिंह, नवीन चंद वर्मा, रवि कुमार सिंह, रवि वर्मा, शिवकुमार वर्मा का पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई ने अपनी प्रेरणापुंज स्वर्गीय सरदार बेन्त सिंह को स्मरण करते हुए अपने सीनियर पंडित शिव कैलाश दीक्षित को सामाजिक संस्कार पोषित करने हेतु साधुवाद दिया। महामंत्री अशोक कुमार वर्मा ने पूर्व कार्यकारिणी के योगदान को सराहते हुए बार को विकास के पथ पर बनाए रखने का वादा किया। उत्साह के बीच में निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप सिंह एवं निवर्तमान महामंत्री शाहीन अख्तर ने नवीन कार्यकारिणी को सुनहरे भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं में सरदार आलोक सिंह, हरीश अग्निहोत्री, सुरेश चंद गौतम, कौशल किशोर त्रिपाठी, खुशीराम यादव, रमाकांत शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, दानिश सिद्दीकी, मुशस्ते हसन जुबेर जिमी आदि थे।



मंच पर मौजूद बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# भटपुरा में आग से सात घर व पशुशाला राख

## महिला व दो पशु भी झुलसे, अग्निशमन दल के देर से पहुंचने पर ग्रामीण आक्रोशित, पुलिस ने शांत कराया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गोमती नदी किनारे स्थित करोमी भटपुरा गांव में मंगलवार की दोपहर बाद अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गयी। जिसकी चपेट में आकर सात घर व पशुशाला जलकर राख हो गयी। आग की चपेट में आकर पशुओं को बचाने में एक महिला व दो पशु भी गंभीर रूप से झुलस गये है। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया जा सका है।

देहात कोतवाली के गोमती किनारे स्थित भटपुरा करोमी गांव में मंगलवार की दोपहर बाद दो बजे अचानक रईस अहमद के आवासीय छप्पर में आग लग गयी । तेज हवा के चलते आग तुरंत ही विकराल रूप धारण कर लिया तथा मंगरू अहमद, मुनव्वर, अकील अहमद , सलमा पत्नी मजीद तथा मुल्लाइन के घर तथा इनके घर के सामने स्थित पशुशालाओं तक पहुंच गयी और छप्पर धू-धू कर जलने लगा। आग से सात घरों के बर्तन, भोजन व अन्य सामान जलकर राख हो गये। आग लगते ही हल्ला गुहार लगी तो पूरा गांव व आस पास के गांव के लोग दौड़कर आग बुझाने मौके पर पहुंचे। सूचना पर आधे घंटे बाद अग्निशमन दल की टीम भी मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश रहा। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक पांच आवासीय छप्पर का घर व पशुशाला जलकर राख हो चुकी थी। पशुशाला में बंधी भैंस को बचाने के चक्कर में अकील अहमद की पत्नी अख्तरुल निशा भी गंभीर रूप से आग की चपेट में आकर झुलस गयी। आग की चपेट में आकर अख्तरुल निशा की एक भैंस व एक पंडवा गंभीर रूप से झुलस गयी, जबकि आठ पशुओं को ग्रामीण मौके पर पहुंचकर बचा लिए। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के प्रयास से एक घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान शान आलम ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन व राजस्व कर्मियों को देकर अग्निकांड के नुकसान को प्रशासन को जानकारी दी है। मौके पर देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने भी बीच बचाव किया तथा फायर ब्रिगेड पर आक्रोशित लोगों को शांत कराया।



कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में लगी आग को बुझाते फायर बिग्रेड कर्मी और ग्रामीण। अमृत विचार

## आग से कई घरों की गृहस्थी का सामान जला



बल्दीराय में आग लगने से जला हुआ घर। अमृत विचार

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवानीपुर मजरे ऊंचवा गांव में मंगलवार की दोपहर विद्युत शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। जब तक लोगों को पता चलता तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गांव वालों के सहयोग से डायल 112 व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना के लगभग 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची, तब तक कई घरों की गृहस्थी पूरी तरीके से जलकर राख हो चुकी थी। आग की चपेट में सावित्री सोनकर, चंद्रा सोनकर, गयाराज सोनकर, विश्वनाथ यादव व पूरन चंद यादव की गृह स्वामियों का घर शामिल है। सावित्री व चंद्रा का घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। घर गृहस्थी से लेकर नकदी, जेवरात समेत लगभग दोनों लोगों का पांच लाख का नुकसान हो गया है। आग से गैस सिलिंडर फटने से अफरा-तफरी मच गयी। लगभग दो घंटे तक फायर ब्रिगेड की टीम, डायल 112, पारा चौकी पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से पूरी तरह से आग पर काबू पाया गया।

## एक नजर

### धर्मेंद्र बने आयुष्मान भारत अभियान के सह प्रभारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह को भाजपा ने आयुष्मान भारत अभियान का लोकसभा का सह प्रभारी बनाया है। अभियान को गति देने के लिए 26 मण्डलों में अभियान के मण्डल प्रभारी नियुक्त कर दिए गए है। जो इस अभियान को गति प्रदान करेंगे। धर्मेन्द्र सिंह को लोकसभा सह प्रभारी बनाये जाने पर शुभ चिंतकों में हर्ष की लहर है।

### कादीपुर में 181 को मिलेगी घर से मतदान की सुविधा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग ने अपने पिछले आदेश में कुछ परिवर्तन करते हुए इस बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके लोगों तथा दिव्यांगों को घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा देने का निर्देश दिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में 80 वर्ष के ऊपर के लोगों को दी गई थी। कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 407 बूथ हैं। जिनमें से 91 बूथों के 181 लोगों को अपने निवास स्थान पर ही मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसमें दिव्यांग भी शामिल हैं। इन मतदाताओं के मतदान के लिए मतदान कर्मी ही घर जायेंगे। संबंधित परिवार के लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं होगी।

### प्रावि कैथाना के पांच बच्चे छात्रवृत्ति के लिए चयनित

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को बीईओ बलदेव प्रसाद यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथाना पहुंचकर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण कक्षा आठ के छात्र दीपेश वर्मा, सत्यम यादव, अभय, अंकुश, कोमल को पुरस्कृत करते हुए कापी व कलम देकर उत्साहवर्धन किया। वहीं शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

## चुनाव को लेकर जमा कराए गए 75 प्रतिशत लाइसेंसी असलहे

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सीओ सर्किल के चारों थाना क्षेत्र के लगभग 75 प्रतिशत लाइसेंसी असलहा लोक सभा चुनाव को देखते हुए जमा करा लिए गए हैं। यह जानकारी सीओ विनय गौतम ने देते हुए बताया कि जो व्यक्ति व्यापार से संबंधित या संभ्रांत वर्ग के हैं। उन्हें लाइसेंसी असलहा जमा करने में समस्याएं आ रही हो, वह तत्काल प्रार्थना पत्र देकर असलहे को अपने पास रखने की अनुमति प्राप्त कर ले।

सीओ सर्किल में कुल 294 पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें से 254 पोलिंग सेंटर कादीपुर विधानसभा एवं 40 सदर विधानसभा के हैं। सीओ सर्किल में चुनाव को देखते हुए लगभग छह हजार लोगों को शांति भंग अंदेशा में पाबंद किया गया है। 11 लोगों पर गुंडा एक्ट एवं जिला बदर की कार्यवाही की गई है। 47 लोगों को एनबीडब्ल्यू के चलते जेल भेजा गया है। आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एवं आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कई दर्जन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। चुनाव को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई प्रस्तावित है। श्री गौतम ने बताया कि लापता हिस्ट्रीशीटरों एवं मौजूदा हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में 37 क्रिटिकल बूथ है। जिस पर विशेष नजर रखी जाएगी।

## अधिवक्ता के चेंबर को जलाया, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कस्बे के राणा नगर मोहल्ले के निवासी अजय कुमार दुबे तहसील में अधिवक्ता है। आरोप है कि बीते 26 अप्रैल को रात करीबी 10:30 बजे उनके चैंबर की जाली को तोड़कर अंदर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। जिससे चैंबर में रखा सामान जल गया। अधिवक्ता का कहना है कि इससे उनका लगभग 60 हजार का नुकसान हुआ है। अधिवक्ता का आरोप है कि कस्बे के तुलसी नगर मोहल्ले के दिनेश मोदनवाल उसी दिन चेंबर के पास बीड़ी पीकर फेंकने पर डांटा था। जिससे घटना में उनके शामिल होने का पूरा अनुमान है। अधिवक्ता की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डॉ. हत्याकांड में डिस्चार्ज अर्जी खारिज, आरोप तय

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



अदालत से

▸▸ बचाव पक्ष ने दो आरोपियों को डिस्चार्ज करने की दी थी अर्जी

**अमृत विचारः** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मोहल्ले में चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में मंगलवार को आरोपियों पर सेशन कोर्ट में आरोप तय हुए। वहीं, बचाव पक्ष के उन्मोचन अर्जी को जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने खारिज कर दिया।

मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह व उसके पिता जगदीश नारायण सिंह को केस से डिस्चार्ज करने के लिए अर्जी दी थी। उन्मोचन अर्जी पर वादी निशा तिवारी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। उन्मोचन अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला जज ने उन्मोचन अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट में विजय नारायण सिंह की हत्या की रिपोर्ट पुलिस ने अदालत में नहीं भेजी। कोर्ट में अजय नारायण, दीपक सिंह को जेल से कोर्ट लाया गया, जबकि जगदीश नारायण स्वयं कोर्ट में हाजिर अदालत आये। जिला जज ने आरोपी अजय नारायण सिंह, जगदीश नारायण सिंह, दीपक सिंह के विरूद्ध सामान्य आशय से हत्या, षड़यंत्र व धारा सात क्रिमिनल ला अमेंडमेंट एक्ट के अंतर्गत आरोप तय कर अभियोजन साक्ष्य के लिए 13 मई की तारीख नियत की है। बीते 23 सितंबर को हुए हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह एवं धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी अजय के ड्राइवर दीपक सिंह को आरोपी मानते हुए आरोप पत्र दाखिल किया था। इसी मामले में आरोपी रहे विजय नारायण सिंह की प्रॉपर्टी के विवाद में बीते दिनो दरियापुर तिराहे पर हत्या कर दी गई थी।

### पुलिस टीम पर हमले के आरोपी की जमानत खारिज

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र मोतिगरपुर में बीते माह पुलिस टीम पर हमला करने व अवैध हथियार बरामदगी के मामले में आरोपी अखंड प्रताप सिंह की जमानत न्यायाधीश संतोष कुमार ने मामले को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन के मुताबिक पीपरपुर थाना क्षेत्र के इस्माईलपुर बड़ा निवासी आरोपी अखंड प्रताप सिंह ने साथियों के साथ मिलकर बीते 27 मार्च को थानाध्यक्ष ज्ञानचंद शुक्ला व अन्य पुलिस कर्मियों पर हमला किया था। कोर्ट ने आरोपी को गंभीर मानते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

# दो मंत्रियों की मौजूदगी में आज मेनका करेंगी नामांकन

- शास्त्री नगर से निकालेंगीं नामांकन जुलूस

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी बुधवार को लाव-लश्कर के साथ अपना नामांकन दाखिल करेंगी। उनके नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई।

सांसद के मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बुधवार सुबह नौ बजे सांसद के आवास शास्त्रीनगर पर बुलाया गया है। जहां पर सभी लोग एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में नामांकन स्थल तक जाएंगे। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में नामांकन स्थल के लिए जुलूस निकलेगा जिसका नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद करेंगे। नामांकन जुलूस डाकखाना, गन्दा नाला रोड, अस्पताल तिराहा, बस स्टेशन होते हुए नगर के केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पीछे प्रांगण में पहुंचेगा। जहां पर नामांकन सभा का आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के वरिष्ठ नेताओं और अतिथियों द्वारा आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। नामांकन जुलूस की तैयारी बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार आदि मौजूद रहे।



गुरु अर्जुन देव के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारा पहुंचीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

### सांसद ने गुरु अर्जुन देव के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारा में टेका मत्था

**सुलतानपुर :** चुनावी कैंपेन के 26 वें दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने सदर जयसिंहपुर विस में चिलचिलाती धूप में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। सांसद ने प्रात : गुरु अर्जुन देव के जन्मदिवस पर गुरुद्वारा पहुंची। वह कीर्तन में शामिल होने के साथ मत्था टेका। उन्होंने गुरु अर्जुन देव का अपना गुरु बताया। विपक्ष के आरक्षण खत्म होने के आरोप पर मेनका गांधी ने मीडिया के लोगों से बात करते हुए कहा ओबीसी और अनुसूचित जाति का आरक्षण यूं ही जारी रहेगा। वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य पर मेनका गांधी ने कहा लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद इस दिशा में देखा जाएगा। इसके बाद उन्होंने सदर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा मैं वादा नही काम करने पर विश्वास करती हूं। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबकों मिल रहा है। सरकार ने गरीबी दूर करने की प्रभावी पहल की है। मेरा कार्यकर्ता मेनका गांधी बनकर हर बूथ पर 65 प्रतिशत वोटिंग कराना सुनिश्चित करें।

## प्रबंधक की पुण्यतिथि पर मेधावी सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को पूर्व प्रबंधक स्व. देवतादीन वर्मा की पुण्यतिथि पर डी. हालमार्क वर्ल्ड साइंस इंटर कॉलेज बगिया चौराहा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भाव गीत व नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। वहीं कॉलेज के टॉपर प्रवेश चौहान, निखिल प्रजापति, सृष्टि यादव को साइकिल सहित अन्य शिक्षण सामग्री देते हुए सम्मानित किया। साथ ही कालेज के तीन बेस्ट शिक्षक रोहित कुमार, कुलदीप शुक्ला, राधेश्याम वर्मा को अंग वस्त्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप



सीएचसी जयसिंहपुर का निरीक्षण करती स्टेट टीम। अमृत विचार

### स्टेट टीम ने कायाकल्प योजना का किया निरीक्षण

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर में मंगलवार को स्टेट लेवल एवं जनपद स्तरीय कायाकल्प टीम में निरीक्षण किया। निरीक्षण के लिए पहुंचे एआरजी फाउंडेशन मैनेजर डॉ. जितेंद्र कुमार पांडेय, डॉ.हसनैन अहमद, डॉ. वैभव आनंद का सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र पटेल ने बुके देकर स्वागत किया। टीम ने सीएचसी पर साफ-सफाई, सामानों के रख-रखाव, पोस्टर, बैनर, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ऑक्सीजन, ऑपरेशन थिएटर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को कायाकल्प योजना के विषय में प्रशिक्षित भी किया। निरीक्षण में नोडल ऑफिसर चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह ने टीम का सहयोग किया। इस मौके पर डॉ. सभाराम पाल, देवी प्रसाद तिवारी, डॉ. गिरीश चंद्र, सत्य प्रकाश, रामसरन, स्टाफ नर्स ममता, साधना, नम्रता, प्रमिला आदि लोग मौजूद रहे।

### ... तो इस बार नहीं उफनाएंगे शहर के नाले

▸▸ शहर के नालों की तल्लीझार सफाई कार्य की पालिकाध्यक्ष ने की शुरुआत

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** इस बार शहर के नाले बरसात में नहीं उफनाएंगे। नगर पालिका चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने झारखंड से बुलाए गए 30 कुशल श्रमिकों के गैंग को लगाकर रोस्टर के अनुसार मंगलवार को पलटन बाजार के धोबियाना में नाला सफाई का शुभारम्भ कराया। चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहाकि वर्षा ऋतु को देखते हुए बरसात से करीब ढाई महीने पहले नाला सफाई गैंग लगाकर तल्लीझार सफाई कराई जा रही है। इस योजना में शहर के 25 वार्डों के कुल 30 छोटे बड़े नालों को शामिल किया गया है। नाले के अंदर से निकाले गए सिल्ट को अलग को अलग से निस्तारण कराने का निर्देश पालिका के अधिकारियों को दिया गया है। नागरिकों से नाली-नालियों के अतिक्रमण को तत्काल हटाने की अपील किया है। नहीं हटाने पर ध्वस्तीकरण कराने की चेतावनी दी है। इस बार गैंग के साथ पालिका की जेसीबी भी रहेगी। जहां पर अतिक्रमण दिखेगा तत्काल उसे तोड़वा दिया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी सफाई निरीक्षक हनुमान सिंह, स्वच्छभारत मिशन डीपीएम विपिन मिश्रा, सफाई नायक धर्मेन्द्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



नाला सफाई का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष।



सरस्वती विद्या मंदिर झारखंड कादीपुर में मेधावियों का किया गया सम्मान।

### बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया गया सम्मानित

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल 2024 में वरीयता सूची में स्थान प्राप्त मेधावी भैया बहनों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश रहे। वरिष्ठ आचार्य सतेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री प्रकाश ने कहा कि भैयाओं को लवकुश, ध्रुव एवं प्रहलाद बनना है तथा बहनों को सीता, सावित्री दुर्गा मां बनकर मानवता के त्रास को दूर करने वाला बनना है। हमें पढ़ लिखकर भारत को सिरमौर बनाना है। मुख्य अतिथि ने बहन वैष्णवी सिंह जो हाईस्कूल में 96 .17 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में पांचवा स्थान बनाया था को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कड़ी में वरीयता सूची में हाई स्कूल में सौम्य मिश्रा, संचित कुमार यादव, खुशी त्रिपाठी, उत्कर्ष यादव, शैलजा, अंशुमान मिश्र, अनुश्री दुबे, अभय त्रिपाठी, अश्वनी पान्डेय, आर्यन पान्डेय, श्रेया वर्मा, आस्था उपाध्याय, रिचा यादव, रौनक शंखघर, कार्तिक श्रीवास्तव, अनूप सिंह, सौम्या वर्मा, शगुन यादव, साक्षी इन सभी भैया बहनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## छात्रवृत्ति से आगे की पढ़ाई होगी सुगमः प्रधानाध्यापक

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय काछा भिटौरा की पांच छात्रों ने राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में सफलता आयोजित की है। जिला स्तर पर विद्यालय के छात्र कुलदीप निषाद ने 25वीं रैंक, खुशी पाल और अमन ने 31वीं रैंक, अभिषेक में 32वीं रैंक और अंश गुप्ता ने 34 वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय के संकुल शिक्षक हरप्रीत कौर ने बताया कि इन छात्रों को इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई के लिए 12000 प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराने में विद्यालय की सहायक अध्यापिका आभा गुप्ता का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रधानाध्यापक दिलशाद अहमद एवं सेवानिवृत्ति शिक्षक खेताऊ यादव द्वारा पांचों बच्चों को सम्मानित किया गया। हेडमास्टर दिलशाद अहमद ने कहा कि छात्रवृत्ति मिलने से कमजोर आयवर्ग के बच्चों को आगे की पढ़ाई सुगम होगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नीलम, प्रधान प्रतिनिधि हरिवंश निषाद के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## व्यापार मंडल की बैठक में सदस्यता बढ़ाने पर जोर

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की पीढ़ी बाजार में जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि के नेतृत्व में बाजार अध्यक्ष हीरालाल मोदनवाल की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की सदस्यता बढ़ाने संगठन का पुनर्गठन करने साथ ही 25 मई को शत प्रतिशत मतदान को लेकर चर्चा हुई। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में पवन यादव, आलोक सोनी, पंचम सोनी, देवेन्द्र जायसवाल, महत्तम सिंह और उत्तम सिंह सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# रुपये न लौटाना प्रेमिका को पड़ा भारी

बल्दीराय, सुलतानपुर

खुलासा

▸▸ शराब के नशें में गला दबाकर मार डाला, पकड़े गए आरोपी ने कबूला जुर्म

**अमृत विचारः** सुनीता हत्याकांड में पांचवें दिन उसके प्रेमी डब्लू पासी को हलियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभिरक्षा में आरोपी डब्लू पासी ने बताया कि मैंने सुनीता को अपने कुछ रुपए रखने को दिया था। वापस मांगने पर वह झगड़े पर आमादा हो गई। तब हमने गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना की चश्मदीद गवाह मृतका की बड़ी बेटी लक्ष्मी है।

हलियापुर के जरईकला में 25 अप्रैल की रात सुनीता पासी पत्नी दिनेश पासी की गला दबाकर हत्या की गई थी। सुबह गांव वालों को इसकी सूचना मिली थी। पति दिनेश घर पर नहीं था। वह अयोध्या अपने मामा के घर गया हुआ था। मृतका की बेटी लक्ष्मी ने पूरे घटनाक्रम को अपनी आंखों से देखा था। उसने पुलिस व पिता को आंखों देखी बताया भी था। जिसके आधार पर दिनेश की तहरीर पर गांव के डब्लू पासी के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से डब्लू को तलाश कर रही थी। मंगलवार को उसे हलियापुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ आम घाट पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी डब्लू पासी ने पुलिस को बताया कि मैंने सुनीता को कुछ रुपए अपने दे रखा था। उससे मेरा प्रेम प्रसंग भी चल रहा था। कई बार मांगने पर भी वह पैसे नहीं लौटा रही थी। 25 अप्रैल की रात मैंने शराब पी और उसके घर पहुंच गया और पैसे मांगे। जब वह आनाकानी करने लगी तो हम दोनों के मध्य हाथापाई भी हुई। इस दौरान गुस्से में आने पर मैंने उसका गला दबाया, जब वह मर गई तो मैं मौके से भाग निकला। लेकिन उसकी पुत्री ने मुझे ये सब करते देख लिया था। उल्लेखनीय है कि दिनेश और सरिता की 14 वर्ष पूर्व लव मैरिज हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। बड़ी लड़की लक्ष्मी (12), पुत्र दुर्गा प्रसाद (7) व आयुषमान (6) अब बिन मां के हो गए हैं।

लोकसभा चुनाव | दूसरे दिन बीजेपी प्रत्याशी मेनका समेत कुल 10 प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से जय प्रकाश ने किया नामांकन

# सपा की अंतर्कलह आई सामने, चार प्रत्याशियों ने खरीदे पर्चे

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी की अंतर्कलह खुलकर सामने आई है। टिकट कटने के बाद जहां भीम निषाद पार्टी प्रत्याशी राम भुआल निषाद पर हमलावर है, वहीं मंगलवार को पर्चा खरीदकर पार्टी की अंतर्कलह और बढ़ा दी है। अब तक समाजवादी पार्टी से चार प्रत्याशी पर्चा खरीद चुके हैं। वहीं, मंगलवार को सांसद व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी समेत 22 सेटों में नामांकन पत्र क्रय किए गए।

सुलतानपुर लोकसभा सीट से पहले अंबेडकरनगर के भीम निषाद को समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद जिले से लेकर लखनऊ तक चली लंबी पंचायत के बाद उनका टिकट गया और गोरखपुर के राम भुआल निषाद को पार्टी प्रत्याशी बनाकर भेजा गया। इसके बाद भी पार्टी दो खेमों बंटी रही और भीम निषाद व उनकी टीम लगातार जिले में रहकर खुद को सपा का दावेदार बता रहे हैं। सोमवार को जहां सपा कैंडिडेट राम भुआल निषाद ने पर्चा खरीदा था वहीं मंगलवार को भीम निषाद भी दो सेट में पर्चा खरीदकर पार्टी अंतर्कलह को फिर से सतह पर ला दिया। उन्होंने दावा कि वे ही सपा के प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। इससे पार्टी में खलबली मची है।

सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने बताया कि पार्टी ने राम भुआल को प्रत्याशी बनाया है। वे प्रचार में है। कितने लोग सपा से पर्चा खरीदे हैं, उन्हें नहीं है। दो दिन में स्थिति साफ हो जाएगी।





कलेक्ट्रेट में प्रत्याशी का नामांकन भरवातीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना। अमृत विचार

जिला सूचना अधिकारी डा. धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से जय प्रकाश पुत्र हरीराम द्वारा नामांकन कक्ष जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया। मंगलवार को कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा कुल-22 सेटों में नामांकन पत्र क्रय किये गये। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से मेनका संजय गांधी पत्नी स्व संजय गांधी द्वारा 04 सेट, मौलिक अधिकार पार्टी से रामजी विश्वकर्मा सुत राम कुबेर विश्वकर्मा द्वारा 01 सेट, समाजवादी पार्टी से सुशील कुमार सुत भीम प्रसाद द्वारा 01 सेट, समाजवादी पार्टी से भीम प्रसाद निषाद सुत राजबली निषाद द्वारा 02 सेट, समाजवादी पार्टी से संतोष कुमार सुत राम प्रताप द्वारा 03 सेट, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी से कु0 उर्मिला तिवारी पुत्री पं0 श्री प्रसाद तिवारी द्वारा 02 सेट, निर्दलीय प्रत्याशियों में रमेश कुमार सुत स्व राम सजीवन द्वारा 02 सेट, अशोक कुमार उपाध्याय सुत स्व जगदम्बा प्रसाद उपाध्याय द्वारा 01 सेट, शंकरदीन क्रान्तिकारी सुत रामफेर द्वारा 04 सेट, विश्वनाथ सुत सुरेन्द्र बहादुर द्वारा 02 सेट में नामांकन पत्र क्रय किये गये। इस प्रकार नामांकन के प्रथम व दूसरे दिन को मिलाकर कुल 23 राजनीतिक व गैर राजनीतिक दलों द्वारा कुल 44 नामांकन पत्र क्रय किये गये।

# धनंजय के लिए महाभारत के लाक्षागृह जैसा षड्यंत्र रच रहा सत्ता पक्ष: श्रीकला

**आरोप**

▸▸ **कोर्ट से ज़मानत मिलने के बाद बिलबिला उठे विपक्षी खेमे के लोग, अब फिर षड्यंत्र रचने में जुट गए**

संवाददाता जौनपुर

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह को फंसाने के लिए विपक्षी लोग खासकर सत्ताधारी, महाभारत के दुर्योधन और शकुनी की तरह लाक्षागृह बनाने में जुटे हैं। मेरे पति धनंजय भी इस चुनावी महाभारत में अर्जुन की तरह खड़े हैं मुझे बहू मानकर हर मतदाता योगेश्वर श्रीकृष्ण की तरह खड़ा हो गया है । यह बात बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने सदर विधान सभा के गांवों, कस्बों और शहरी इलाके के मोहल्लों में भ्रमण के दौरान मंगलवार को कही ।

श्रीकला धनंजय सिंह ने मंगलवार को गुरैनी, मझाऊरा, करंजा कला, सिद्दीक पुर, खेतासराय से धर्मापुर ब्लॉक के दो दर्जन गावों, कस्बों में भ्रमण किया, उनके पहुँचते ही उन इलाकों के लोगों की भीड़ काफिला में तब्दील नज़र आती गई । खासकर युवा मतदाताओं और बुजुर्गों से वह सत्ता से जुड़े लोगों द्वारा अपने पति धनंजय को फिर किसी षड्यंत्र में फंसाने की दुहाई देती रहीं। ।

उन्होंने कहा की इस चुनावी महाभारत में दुर्योधन और शकुनी जैसे विपक्षियों से मुकाबले के लिए मुझे मैदान में उतरना पड़ गया, कहा कि मेरे पति धनंजय को पहले मुकदमे में फंसाया, उनके जेल जाते ही इन शकुनियों को राहत मिली कि चलो इसको तो ऐसे चक्रव्यूह में फंसाया की वह निपट गया। लेकिन उच्च न्यायालय से बेल मिलने की खबर पहले उन्हें मिली तो बौखलाकर पूर्व सांसद को दूसरी जेल में शिफ्ट करा दिया । अब धनंजय सिंह जमानत से बाहर आने वाले हैं लेकिन मुझे यह आशंका है कि विपक्षी अब लाक्षागृह जैसा जाल बना रहे होंगे , ऐसा इसलिए है क्योंकि इनके पास बेरोजगारी और महंगाई का कोई जवाब नहीं I पब्लिक पूछ रही और ये धनंजय को चुनाव से बाहर रखने में लगे हैं कहा कि मेरे मैदान मे आते ही इन्हें अपनी हार सताने लगी है। मुझे आम जनता से झूठे वायदे करने की ज़रूरत ही नहीं पड़ रही क्योंकि मैं और मेरे पति साल के 365 दिन आमजन के बीच होते हैं और लोगों की ज़रूरतें पूरी करते हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती की सोच को हम गाँव-गाँव पहुंचा रहे हैं।



चुनाव प्रचार करतीं बसपा प्रत्याशी श्रीकला धनंजय सिंह। अमृत विचार

## एक नजर

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार दंपति घायल

**हलिया, मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज मोड़ दुर्जनीपुर गांव में मंगलवार की दोपहर ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक समेत पत्नी व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बिक रही शराब और मादक पदार्थ

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांवों में पुलिस की मिली भगत से शराब व मादक पदार्थों की बिक्री हो रही हैं। क्षेत्र के हलिया, भटवारी, दिघिया, राजपुर, सोनगढा, अदवा कालोनी, सुखड़ा, बेलगवां, देवरी, मनिखढा, पिपरा, उमरिया, बैधा, फुलियारी गजरिया करौंदिया आदि गांवों में सुबह से ही शराब की बिक्री किया जा रहा है। अंतर्राज्यीय बैरियर चेक पोस्ट पर पुलिस सीसी टीवी कैमरे लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही है इसके बाद भी मध्यप्रदेश की शराब बार्डर से यूपी में बिक्री के लिए पंहुच रही है और चाय पान की दुकानों पर शराब बिक्री किया जा रहा है।

### वारंटी गिरफ्तार

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव निवासी राजकुमार कोल के विरुद्ध परिवार परामर्श केंद्र न्यायालय से भरण पोषण की धनराशि पत्नी को नहीं देने पर वारंट जारी किया गया था। मंगलवार की सुबह एसआई श्यामलाल मय हमराह कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर परिवार परामर्श केंद्र न्यायालय में हाजिर कर दिया है। इस संबंध में एसआई श्याम लाल ने बताया कि पत्नी को भरण पोषण की राशि नहीं देने पर परिवार परामर्श केंद्र से वारंट जारी होने पर उसके घर से गिरफ्तार कर परिवार परामर्श केंद्र न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

# अतीक के शागिर्दों ने भी बना ली करोड़ों की संपत्ति, शिकंजा कसा

## आम आदमी की तरह रहने वालों ने कर डाली सौ बीघे की प्लाटिंग

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** माफिया अतीक ने खुद तो करोड़ों की बेनामी संपत्ति बनाई ही, लेकिन उसके शागिर्दों ने भी अतीक के नाम और साथ के बल पर करोड़ों की सम्पत्ति बना ली। शागिर्दों ने यमुना नगर मे सौ बीघे की प्लाटिंग भी कर डाली। हालांकि अभी इस प्रापर्टी की पुलिस और पीडीए तलाश कर रही है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन सम्पत्तियों पर भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अभी कुछ दिनों पहले ही एक ही नाम के दो व्यक्तियों के नाम से खरीदी गयी करोड़ों की सम्पत्ति का खुलासा पुलिस ने किया था। जिस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए जांच शुरु कर दी गयी है। अब एक और नया मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक घूरपुर थाना के भंडरा के रहने वाले पप्पू इजराल और उसके भाई आजाद ने करोड़ों की सम्पत्ति बनाई है। कभी इनके पास कुछ नहीं था। लेकिन सपा सरकार में बड़े माफियाओं से जुड़कर जमीन का कारोबार कर बड़ी सम्पत्ति जुटाने के साथ करोड़ों रुपये कमाये है। इतना ही नहीं दोनो भाई के साथ एक नाम और भी सामने आया है। इनके साथ ही शाबिर नाम के व्यक्ति ने भी जमीन का बड़ा काम किया। जमीनों को हथियाना, औने पौने दामों के खरीदकर बेचना और लोगो पर दबाव बनाना इनका पेशा रहा है। सूत्रों की माने तो इन तीनों ने मिलकर भंडरा मे करोड़ों की लागत से आलीशान मकानों को भी तैयार कराया है। इसके साथ ही सरंगापुर में सौ बीघे की अवैध प्लाटिंग भी कर डाली है। बाईक से चलने वाले आज लग्जरी कार से चल रहे है।

### यमुना नगर में अब शुरू होगी जांच

पुलिस अधिकारियों की माने तो अतीक ने अपनी बेगम के लिए नैनी में प्लाट खटीद रखा था। जिसकी तलाश पुलिस ने करते हुए उसे चिन्हित कर लिया है। पुलिस और पीडीए अब अतीक के शागिर्दों के साथ उन जमीनों की भी तलाश कर रही है, जिन्हे अवैध तरीके से बनाया गया है। साथ ही उस भूमि पर प्लाटिंग की गयी है। पीडीए अधिकारियों की माने तो अभी भी यमुना नगर में अतीक और उसके शागिर्दो ने काफी सम्पत्ति जुटा रखी है। अतीक से ताल्लुकात रखने वालों का भी इतिहास निकाला जा रहा है। इसके बाद उनके मकानो पर भी बुल्डोजर चलने के साथ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# असलहों के शौकीन नहीं हैं उज्ज्वल रमण

प्रयागराज

अमृत विचार। इलाहाबाद लोक सभा सीट पर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी से टिकट पाने वाले विधायक उज्ज्वल रमण सिंह गाडी और असलहों के शौक़ीन नहीं है। इसका खुलासा चुनाव अधिकारी को दिये गये हलफनामे से साफ हुआ है।

उज्ज्वल रमण सिंह ने सोमवार को ही अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। उन्होंने चुनाव अधिकारी को अपना हलफनामा भी दे दिया है। जिसमें विधायक उज्ज्वल रमण सिंह ने दर्शाया है कि उनके पास न तो गाड़ी है और न ही कोई असलहा। उज्ज्वल के मुताबिक वह गाड़ी और असलहों के शौकीन नहीं है। एक बात और है कि उज्ज्वल के ऊपर 1.20 करोड़ रुपए का बैंक लोन भी चल रहा है।

### दो बार रहे विधायक , हारने के बाद भी बने थे मंत्री

दिल्ली से स्नातक की पढ़ाई करने के बाद उज्ज्वल रमण सिंह ने सपा का दामन थामा था। जिसके बाद से वह लगातार दो बार करछना से विधायक रहे। एक बार सपा सरकार में चुनाव हारने के बाद भी बीज विक्सा निगम के अध्यक्ष बनाये गये थे। उज्जवल के पिता रेवती रमण सिंह समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता होने के साथ-साथ स्व. मुलायम सिंह यादव के परिवार से गहरा नाता रखने वालों में से एक हैं। रेवती रमण सिंह कई बार सांसद, विधायक और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। सपा और कांग्रेस के गठबंधन होने और इलाहाबाद सीट कांग्रेस की झोली में आने के बाद उज्ज्वल ने कांग्रेस का दामन थाम लिया और कांग्रेस की सीट पर इलाहाबाद लोकसभा सीट के प्रत्याशी चुने गए हैं।



उज्ज्वल रमण

### जेवरात के शौक़ीन हैं उज्ज्वल

उज्ज्वल रमण सिंह के पास उनकी पत्नी से ज्यादा जेवरात हैं। चुनाव अधिकारी को दिए गए हलफनामे में दर्शाया गया है कि उज्जवल रमण के लाखों के जेवरात और पत्नी के पास 26 लाख के जेवरात है। इनके पास चार फ्लैट कुल 21.58 करोड़ की संपत्ति है। जबकि उज्जवल के दोनों बच्चों के नाम से भी 26 करोड़ की अचल संपत्ति है।

# 70 फीसदी से अधिक करें मतदान प्रतिशत

संवाददाता मिर्जापुर

**अमृत विचार :** मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने आगामी चरणो वाले लोकसभा निर्वाचन के जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, प्रभारी अधिकारी स्वीप के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग कर आगामी चरणो में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं में जागरूकता लाने का निर्देश दिया।

उन्होने कहा कि मतदान प्रतिशत प्राप्त किये जाने हेतु सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न स्तरो एवं माध्यमो से कार्यक्रम आयोजित किये जाएं, ताकि मतदान प्रतिशत में अपेक्षाकृत लक्ष्य की प्राप्ति किया जा सकें। जिमतदाता जागरूकता पाठशाला, जागरूकता रैली, विभिन्न प्रतियोगिताए, मतदाता ग्राम चैपाल आदि आयोजित कर मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लायी जाए ताकि मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत प्लस किया जा सकें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनपद में मतदाता जागरूकता के लिये अब तक कराये गये कार्यक्रमो व आगे की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### मिर्जापुर में नामांकन 7 मई से

**मिर्जापुर , अमृत विचार।** मिर्जापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये नामांकन प्रक्रिया 07 मई दिन मंगलवार से प्रारम्भ होगी। मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस दल बल के साथ कलेक्ट्रेट परिसर, नामाकंन स्थल, रमई पट्टी तिराहा व अस्पताल रोड तिराहा का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। पर्याप्त मात्रा में आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग कराने व सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस फोर्स लगाये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बैरीकेटिंग कार्य समय रहते पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिले में नाम निर्देशनों की समीक्षा 15 मई दिन बुधवार एवं नाम वापसी 17 मई दिन शुक्रवार को होगी। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर आसाराम राम वर्मा, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सुशील कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## सड़क के लिए नगर आयुक्त से मिले पार्षद

**प्रयागराज, अमृत विचार।** भारद्वाजपुरम के पार्षद शिवसेवक सिंह ने नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग से पुलिया और सड़क बनाने की मांग की है। नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में पार्षद ने वारिश के पहले 80 फुट रोड पुलिस चौकी के सामने आरसी पुलिया, 60 फुट रोड पर

लालता स्वीट हाउस से पटेल चौराहा, नेता चौराहा से चंद्र शेखर आजाद स्कूल चौराहा तक क्षतिग्रस्त सड़क बनाने की मांग की है। पार्षद के मुताबिक पुलिस चौकी के सामने आरसीसी क्रॉसिंग पुलिया को गंगा प्रदूषण द्वारा मुख्य सीवर लाइन डालते समय तोड़ दिया था और उसके जगह 18 इंच डाया का एक ह्यूम पाइप लाइन नाले के लेबल से डेढ़ फुट ऊंचाई पर डाल दिया।

# प्रधान पर मनरेगा श्रमिकों का पैसा हड़पने का आरोप

▸▸ **डीएम से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

**हलिया मिर्जापुर, अमृत विचार।** वर्ष 2007 से 2010तक क्षेत्र पंचायत में मनरेगा योजना के तहत हुए पौने चार करोड़ रुपए के घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है कि एक नया घोटाला ग्राम पंचायत मतवार का प्रकाश में आया है।

हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत मतवार के रामरक्षा कोल ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत मतवार में जितने कार्य कराये गये है उसकी मजदूरी आज तक मनरेगा श्रमिकों को नहीं मिल पाई है। ग्राम प्रधान ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम से मस्टरोल रोजगार सेवक से जारी कराकर करीब पांच लाख रुपए का भुगतान कराकर घोटाला कर लिया गया था जिसका मस्टरोल उपलब्ध है जिसे आनलाइन देखा जा सकता है। जिन लोगों के नाम से फर्जी मजदूरी निकाला गया था वो लोग कभी भी कार्य करने नहीं गये। करीब चालीस लोगों के फर्जी मजदूरी का भुगतान कराया गया था। अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी ग्राम प्रधान व सचिव के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया गया। अगर जांच पड़ताल कराई जाए तो दर्जनों ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में हुए घोटाला सामने आ जायेगा।

## सार-संक्षेप

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में अधेड़ का शव मंगलवार की सुबह पेड़ से लुंगी के सहारे लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। हलिया थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव निवासी 55 वर्षीय दिल मोहम्मद उर्फ बली अहमद का शव उनके घर से 700 मीटर दूर सीवान में पलाश के पेड़ पर लुंगी के सहारे लटकता हुआ मिला है। ग्रामीणों के अनुसार आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अधेड़ ने ऐसा कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

### बाइक सवार युवक सड़क पर गिरने से घायल

**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के करौंदिया गांव निवासी 33 वर्षीय सर्वेश पांडेय अपने 5 वर्षीय पुत्र देवांश को एंटी रैबीज इंजेक्शन की दूसरी खुराक लगवाने के लिए भतीजे 22 वर्षीय सौरभ पांडेय के साथ बाइक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आ रहे थे कि जैसे ही गुर्गी गांव में पंहुचे थे कि बाइक के सामने अचानक साइकिल सवार के आ जाने के कारण साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक सवार पुत्र व भतीजा बाल बाल बच गए ।

### प्रसव के दौरान लापरवाही से नवजात की मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़, अमृत विचार :** महेशगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला को रविवार को प्रसव पीड़ा हुई । परिजन आनन फानन में कुंडा लेकर आये। कस्बे के तिलौरी मोड़ के पास स्थित रीता नर्सिंग होम में भर्ती किए। वहां पर मौजूद महिला डॉक्टरों ने प्रसव की तैयारी शुरू की। कुछ देर बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। घबराए परिजन वहां से सीधे सीएचसी कुंडा लाए जहां काफी प्रयास के बाद महिला का प्रसव हुआ लेकिन बच्चे की पेट में ही मौत हो गई थी। डॉक्टर ने बताया इसके पहले जहां प्रसव कराया जा रहा था वहाँ दबाव व लापरवाही के कारण बच्चे की मौत हुई है। इसके बाद महिला की बहन ने रीता नर्सिंग होम के खिलाफ प्रतापगढ़ सीएमओ और कुंडा पुलिस से शिकायत की। सीएमओ ने मामले को संज्ञान लेते हुए मंगलवार दोपहर रीता नर्सिंग होम पहुंचे और अस्पताल को सीज कर दिया। कुण्डा कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया बहन द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### एसडीएम ने क्रिटिकल मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**हलिया, मिर्जापुर।** एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने क्रिटिकल मतदान प्राथमिक विद्यालय सहिरा के बूथ संख्या 47 पर पहुंचकर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि मतदान केंद्रों पर बनाए गए बूथों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय, छाया, विद्युत आपूर्ति, संचार व्यवस्था साफ सफाई व्यवस्था होना चाहिए इसी क्रम में क्रिटिकल मतदान केंद्र सहिरा, निनवार उत्तर व दक्षिण, जैकर के प्राथमिक विद्यालयों के बूथों पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया है जो भी कमियां हैं उसे पूरा कराने के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है।

### यूपी की रैंकिंग में पिछड़ा प्रयागराज, मिला 56वां स्थान

**प्रयागराज, अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग इन दिनों ढीला हो चुका है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रयागराज के स्वास्थ्य विभाग की स्टेट रैंकिंग मार्च में 56 वें स्थान पर आ गई है। पिछले दो दिनों से ( सीएमओ ) मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशु पांडे जिले भर के सीएचसी अधीक्षकों व अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों के साथ लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने नाराजगी जताई है।

### फूलपुर के 6 व इलाहाबाद के 11 नाम निर्देशन पत्र खरीदे

**प्रयागराज, अमृत विचार।** मंगलवार को नाम निर्देशन के दूसरे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए 06 लोगो ने एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद के लिए 11 लोगो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। किसी भी व्यक्ति के द्वारा मंगलवार को नाम निर्देशन नहीं किया गया।

### शिकागों के अमर शहीदों को किया गया याद

**प्रयागराज, अमृत विचार।** सुआट्स संयुक्त मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस यानी मई दिवस की पूर्व संध्या पर शिकागों के अमर शहीदों को याद किया गया। दो मिनट का मौन रख कर विनम्र श्रंद्धाजलि दी गयी।

### बकाया वेतन को लेकर कर्मचारियों ने फिर किया हंगामा

**प्रयागराज, अमृत विचार।** शुआट्स विश्वविद्यालय में मंगलवार को शिक्षक एवं शैक्षणिक कर्मचारियों का गुस्सा वेतन को लेकर के फिर फूट पड़ा। शुआट्स शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन पिछले कई महीनो से नहीं दिया गया है। अब बकाया वेतन 11 महीने के रिकॉर्ड स्तर को छू रहा है। नाराज होकर सैकड़ो शिक्षक एवं कर्मचारियों ने कुल सचिव कार्यालय के सामने घंटो लगातार प्रदर्शन किया एवं अधिकारियों से मिलने के लिए कुलपति ऑफिस एवं कुलसचिव ऑफिस गए जहां पर सारे अधिकारी नदारत मिले। शिक्षकों का कहना है कि डीएम के साथ हुई मीटिंग में यह आश्वासन दिया गया था कि जुलाई -दिसंबर 2023 सेशन की परीक्षा विधिवत एवं समय पर कराने पर हम लोगों का वेतन निर्गत कर दिया जाएगा। बकाया वेतन भी दे दिया जाएगा लेकिन एक भी बात पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अमल नहीं किया गया है। इसके अलावा कुलपति आरबी लाल एवं शिक्षकों और कर्मचारियों के मध्य हुई दो बैठक में यह आश्वासन दिया गया कि हर महीने एक वेतन निर्गत किया जाएगा। 26 अप्रैल को न्यायालय से भूमि विक्रय करने की अनुमति मिलते ही बकाए 11 महीने का वेतन भी निर्गत कर दिया जाएगा।

# 110 टीबी रोगियों को पोषाहार बांटा गया




टीबी मरीजों को पोषाहार वितरित करते स्वयंसेवी। अमृत विचार

**जौनपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के द्वारा गोद लिए गए टीबी मरीजों को अप्रैल माह का पोषाहार वितरण संस्था मुख्यालय गौरीशंकर मंदिर सिंगरामऊ में किया गया इस मौके पर सिंगरामऊ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉक्टर श्रुति पांडे बदलापुर के एसटीएस तरुण कुमार ने टीबी मरीजों को नियमित रूप से दवा लेते रहने एवं कोर्स पूरा करने की सलाह दी संस्था द्वारा दिए गए पोषाहार को खाने से मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ होने की बात कहीं संस्था प्रमुख डॉक्टर अंजु सिंह ने बताया कि जनवरी फरवरी 2024 में करीब 60 पेशेंट गोद लिए गए थे जिनको चौथी बार पोषाहार दिया गया है।

## यूविन पोर्टल पर होगा टीके का पंजीकरण

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** कोविड के कोविन पोर्टल की तर्ज पर अब यूविन पोर्टल आ गया है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों का रूटीन टीकाकरण इसी पोर्टल से होगा। सिर्फ एक क्लिक पर बच्चों के टीकाकरण की सारी जानकारी मिल जाएगी। सर्वे कराया जा रहा है।

अब कोई भी व्यक्ति केंद्रों पर टीका लगवाने जाएगा तो उसका मोबाइल नंबर यूविन पोर्टल पर दर्ज कर पंजीकरण किया जाएगा। सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने बताया कि जिले में अब यूविन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और बच्चों का रूटीन टीकाकरण कराया जाएगा। इसी पोर्टल पर टीकाकरण की सारी गतिविधियां आनलाइन कर दी गई हैं।

# रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरीं यात्री सुविधाएं

हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर भारत में इन दिनों तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। भीषण गर्मी व धूप से लोग परेशान हैं। गर्मी में यात्रियों के सफर को आसान बनाने के लिए भारतीय रेलवे लगातार समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। स्टेशनों पर यात्रियों के पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं।

इन सब के बावजूद हरदोई स्टेशन पर कुछ कमियां यात्रियों को परेशान कर रही हैं। प्लेटफार्म नंबर तीन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्य के चलते लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 4 से होकर जा रही है, लेकिन प्लेटफार्म नंबर चार पर न ही वाटर कूलर है और न ही धूप से बचने की कोई पर्याप्त व्यवस्था। हालांकि इस बावत मंडल रेल कार्यालय के जिम्मेदार कहते हैं कि यह कार्य अमृत भारत रेलवे स्टेशन के अंतर्गत कराया जाएगा, लेकिन सवाल यह है कि अप्रैल में गर्मी का यह हाल है तो मई जून में क्या होगा। रेल प्रशासन के गर्मियों में रेल यात्रियों को राहत देने के दावे हरदोई रेलवे स्टेशन पर पूरी तरह से फेल है यदि हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंडक में बैठकर ट्रेन की प्रतीक्षा करनी है तो उन्हें इसके लिए अपनी जेब ढीली करनी होगी। हरदोई में प्राइवेट वेटिंग एसी वेटिंग रूम में बैठकर यात्री ट्रेन की प्रतीक्षा कर सकते हैं, बाकी जो यात्री अतिरिक्त रुपए नहीं देना चाहता है तो उसके लिए प्रतीक्षालय में कूलर तक की व्यवस्था नहीं की गई है। यात्रियों को पंखे के सहारे बैठकर ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। प्रतीक्षालय में उमस से रेल यात्री परेशान हैं, जिसके चलते प्रतीक्षालय में कम और प्लेटफार्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा करते ज्यादा यात्री दिख जाएंगे।



हरदोई स्टेशन पर प्रतीक्षालय में ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

**चुनाव प्रक्रिया** | दूसरे दिन सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से जोखू ने दाखिल किया नामांकन

# 12 दावेदारों ने खरीदा 20 सेट में नामांकन पत्र

प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार से कड़ी सुरक्षा में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। कलेक्ट्रेट स्थित डीएम न्यायालय में दूसरे दिन मंगलवार को एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। 12 दावेदारों ने 20 सेट में पर्चा खरीदा। कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन परिसर में पुलिस ने प्रत्याशियों, उनके प्रस्तावकों और प्रतिनिधियों के अलावा किसी को भी प्रवेश करने नहीं दिया।

प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर मतदान छठवें चरण में होगा। यहां 25 मई को वोटिंग होगी। इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो छह मई तक चलेगी। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी नौ मई तक होगी। पहले दिन प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सपा (इंडिया प्रत्याशी डा. एसपी सिंह पटेल ने चार सेट में पर्चा खरीदा। भाजपा प्रत्याशी सांसद संगम लाल गुप्ता ने भी चार सेट में पर्चा लिया। बसपा से प्रथमेश मिश्र सेनानी और दिनेश पांडेय के नाम से एक-एक सेट में पर्चा खरीदा।

इसके अलावा निर्दल उम्मीदवारों ने भी एक-एक सेट में पर्चा खरीदा। पहले दिन किसी भी दल व निर्दल प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। दूसरे दिन केवल एक प्रत्याशी सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से जोखू ने नामाकंन दाखिल किया। अब तक दावेदारों की कुल संख्या 29 और नामांकन पत्रों की संख्या 66 हो गई है।



नामांकन दाखिल करता हुआ निर्दल उम्मीदवार। अमृत विचार

# चुनावी अनुमति के लिए 48 घंटे पहले करना होगा आवेदन

प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सभी अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया गया है। इसके माध्यम से प्रत्याशी, राजनैतिक दल आनलाइन आवेदन कर जनसभा, रैली, लाउडस्पीकर, नुक्कड़ सभा, अस्थाई पार्टी कार्यालय आदि की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की सहूलियत का इस बार खास ध्यान रखा गया है।

यानी अब प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पहले सब कुछ मैन्युअल में होता था। अनुमति पत्र के लिए कई दिनों तक चक्कर लगाना पड़ता था। अब वाहन, हेलीकाप्टर, हेलीपैड, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग आदि की अनुमति के लिए उन्हें सुविधा एप पोर्टल पर 48 घंटे पहले आनलाइन आवेदन करना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि प्रत्याशियों को जनसभा, रैली, लाउडस्पीकर, नुक्कड़ सभा, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने आदि की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया गया है। इस पर आवेदन करना होगा।

